उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 02.102025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## “ सीसीटीएनएस की रैंकिंग में जनपद महोबा को प्रथम स्थान ”

**मुख्यालय तकनीकी सेवाएं द्वारा पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा एवं कं.ऑ. ग्रेड बी रहमान रशीद को प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित-**

**पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में जनपद को पुनः प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।**

सीसीटीएनएस योजना की प्रगति के संबंध में मुख्यालय तकनीकी सेवाएं द्वारा अगस्त 2025 के डाटा के अनुसार जनपदों की रैंकिंग की गई है। जिसमें लम्बित अभियोगों के त्वरित निस्तारण को लेकर जारी प्रदेश स्तरीय सीसीटीएनएस रैंकिग में जनपद महोबा पुलिस को 100 % अंको के साथ एक बार फिर से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

इस उपलब्धि पर **श्री नवीन अरोरा,** अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह सहित जनपद में सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर (डीसी) का कार्य देख रहे कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी रहमान रशीद को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है तथा विभाग की प्रतिष्ठा बढाने में सहयोग किये जाने हेतु प्रशंसा की गई है। साथ ही साथ भविष्य में भी इसी प्रकार पूर्ण मनोयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ सौपें गये दायित्वों का निर्वहन करने की अपेक्षा की गयी है।

ध्यातव्य रहे कि पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के कुशल नेतृत्व में जनपद को पुनः प्रथम स्थान (चौथी बार) प्राप्त हुआ है।

### क्या है सीसीटीएनएस पोर्टल-

सीसीटीएनएस के माध्यम से किसी भी अपराध से जुड़ी हुई रिपोर्ट के साथ ही प्रकरण किस स्थिति में है। कितने आरोपी गिरफ्तार हुए। पुलिस मामले में किस स्तर पर विवेचना कर रही है। लगभग यह सभी जानकारियां चालान पेश होने तक की हर गतिविधि को सीसीटीएनएस साफ्टवेयर में ऑनलाइन किया जाता है।

### सीसीटीएनएस की रैंकिंग से जुडे महत्वपूर्ण पोर्टल-

1. CCTNS portal Ke IIF forms 2. Training certificate portal
3. Pared portal 4. Field unit portal
5. PG portal6. Foot patrolling portal
7. Crimac portal 8. ICJS portal
9. Crime analytical portal 10. NAFIS portal

इन सभी पोर्टल में अच्छी फीडिंग व मॉनिटरिंग के आधार पर जनपद महोबा पुलिस को चौथी बार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।




